	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	श्रावण 19, मंगलवार, शाके 1943–अगस्त 10, 2021 *Sravana 19, Tuesday, Saka 1943- August 10, 2021*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

आयोजना विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 05, 2021

संख्या एफ17(8)14/डीईएस/रा.ज.आ.यो./अधिसूचना-आज्ञा/2019:- राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अधिनियम, 2020 (2020 का अधिनियम संख्यांक 3) की धारा 23 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और राजस्थान जन आधार प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति के गठन के संबंध में जारी इस विभाग की पूर्व अधिसूचना संख्या एफ17(8)14/डीईएस/रा.ज.आ.यो./अधिसूचना/2019 दिनांक 05 मई, 2020 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा तत्काल प्रभाव से राजस्थान जन आधार प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति का निम्नानुसार गठन करती है, अर्थात्:-

क्र.सं.	नाम/पदनाम	कार्यकारिणी समिति में पद
1	प्रभारी शासन सचिव, आयोजना विभाग एवं पदेन महानिदेशक, राजस्थान जन आधार प्राधिकरण	अध्यक्ष
2	वित्त विभाग द्वारा नाम निर्देशित अधिकारी, जो संयुक्त शासन सचिव की रैंक से अनिम्न हो	सदस्य
3	विशिष्ट/संयुक्त शासन सचिव, आयोजना विभाग	सदस्य
4	आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, एवं पदेन अतिरिक्त महानिदेशक, राजस्थान जन आधार प्राधिकरण	सदस्य
5	निदेशक तकनीकी, राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड	सदस्य
6	निदेशक वित्त, राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड	सदस्य
7	निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, एवं पदेन अतिरिक्त महानिदेशक, राजस्थान जन आधार प्राधिकरण	सदस्य सचिव

राज्यपाल की आज्ञा से,

नवीन जैन,

शासन सचिव।

8932

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।